प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 सोमवार दिनांक 14.09.2026

मुख्य समाचारः–

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – इक्कीस राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकारें वर्ष दो हजार उनतीस से पहले समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू करेंगी।

- छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

- रायगढ़ में आज से अंतर्राष्ट्रीय चक्रधर समारोह का आयोजन किया जाएगा–राज्यपाल रमेन डेका अब से कुछ देर बाद करेंगे समारोह का शुभारंभ।

- बलरामपुर जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के लिए खिलौना दान अभियान चलाया जाएगा।

केन्द्रीय गृहमंत्री–यूसीसी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि इक्कीस राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकारें दो हजार उनतीस से पहले समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू करेंगी। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कई राज्यों में यूसीसी लागू हो चुका है और उन्हें विश्वास है कि दो हजार उनतीस से पहले भाजपा–एनडीए शासित सभी इक्कीस राज्यों में इसे लागू कर दिया जाएगा। श्री शाह ने कहा कि तीन तलाक को समाप्त कर दिया गया है, जिससे मुस्लिम महिलाओं को समान अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पांच दशकों से चले आ रहे नक्सलवाद को समाप्त कर दिया है।

गणेश चतुर्थी

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुद्धि, विवेक और सौभाग्य–समृद्धि के प्रतीक गणपति जी का दस दिन का उत्सव आज से शुरु होकर चतुर्दशी पर संपन्न होगा। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में भगवान गणेश की मूर्तियां विराजित की जा रही हैं। जगह–जगह ढोल–नगाड़ों और ''गणपति बप्पा मोरिया'' के जयकारों के साथ गणेश प्रतिमाओं को सार्वजनिक पंडालों और घरों में स्थापित किया जा रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर देश सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोषल मीडिया पर संस्कृत में सुभाषितम साझा करते हुए कामना की है कि यह पवित्र त्योहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करें।

<u>तीज</u>

सुहागिनों का पवित्र त्यौहार हरतालिका तीज आज प्रदेशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में इसे तीजा के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा–अर्चना कर पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए व्रत रखती हैं।

चक्रधर–समारोह

रायगढ़ के रामलीला मैदान में आज से इकतालीसवां अंतर्राष्ट्रीय चक्रधर समारोह का आयोजन किया जाएगा। राज्यपाल रमेन डेका अब से कुछ देर बाद इस समारोह का शुभारंभ करेंगे। समारोह के पहले दिन आज पद्मश्री डॉक्टर उषा बारले की पंडवानी और पद्मश्री अनुज शर्मा की लोककला तथा संगीत की प्रस्तुति होगी। दस दिनों तक चलने वाले इस समारोह में शास्त्रीय नृत्य, पंडवानी, लोक संगीत, भजन और गजल सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

दिव्यांजन–नौकरी आरक्षण

दिव्यांगजनों के लिए सरकारी नौकरी में आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया है। राज्य सरकार ने पहली बार कई ऐसे पदों को दिव्यांग आरक्षण के दायरे में शामिल किया है, जो अब तक चिन्हित नहीं थे। इनमें षिक्षा, आईटी, जनसंपर्क, रोजगार, कृषि, तकनीकी षिक्षा, हथकरघा और पर्यावरण क्षेत्र शामिल हैं। नई सूची में स्कूल षिक्षा विभाग के उप संचालक, प्राचार्य, स्पेषल एजुकेटर, आईटी कंप्यूटर साइंस के उप अभियंता, जीआईएस मैनेजर जैसे पद हैं। नियुक्ति से पहले राज्य मेडिकल बोर्ड से शारीरिक दक्षता परीक्षण और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की जांच अनिवार्य होगी।

हिन्दी दिवस

देशभर में आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। उन्नीस सौ उनचास में इसी दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। आज हिन्दी दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और बावन करोड़ से ज्यादा लोगों की पहली भाषा है।

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के नवी मुंबई में छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किए। श्री शाह ने हिंदी दिवस के उद्घाटन सत्र को भी संबोधित किया।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि प्रदेश में हिंदी के संरक्षण और संवर्धन के साथ शिक्षा को मातृभाषा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री–ब्रिक्स सम्मेलन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक मंच पर भूमिका लगातार मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार छब्बीस में भारत को ब्रिक्स की अध्यक्षता मिलना और अट्ठारहवें ब्रिक्स षिखर सम्मेलन की मेजबानी करना देष की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विकासषील देषों और ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच पर मजबूती से सामने रख रहा है। श्री साय ने कहा कि भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका से निवेष, प्रौद्योगिकी, नवाचार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

खिलौना दान

बलरामपुर जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के लिए खिलौना दान अभियान चलाया जाएगा। जिले में पच्चीस सितंबर से सात अक्टूबर तक 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम होगा। इस दौरान जिले के सभी दो हजार तीन सौ इकहत्तर आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए खिलौने उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने जिलेवासियों से अपील की है कि घरों में रखे सुरक्षित, स्वच्छ और उपयोगी खिलौने, जिनका अब इस्तेमाल नहीं हो रहा है, वे निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र में दान करें। इच्छुक नागरिक नए खिलौने भी अपनी स्वेच्छा से उपलब्ध करा सकते हैं।

मुख्यमंत्री–निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंबिकापुर के खरसिया चौक की खराब सड़क का वीडियो वायरल होने पर संज्ञान लेते हुए सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत से दूरभाष पर चर्चा की और सड़क को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने खरसिया चौक की सड़क के गड्ढे भरने, समतलीकरण और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त

करने को कहा है। उन्होंने अधिक यातायात वाले स्थानों पर पुलिस और यातायात विभाग के समन्वय से सुरक्षित तथा निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्माणाधीन सड़कों की नियमित निगरानी करने और जरूरत पड़ने पर निरीक्षण करने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त और निर्माणाधीन सड़कों को आवागमन योग्य बनाए रखा जाए और दुर्घटना की आशंका वाले स्थानों पर चेतावनी संकेतक तथा बैरिकेडिंग जैसे सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं।

मुख्यमंत्री–जापान प्रतिनिधिमंडल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में जापान की एहिमे यूनिवर्सिटी से आए सत्रह सदस्यीय छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। भारत–जापान इंटर एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर छत्तीसगढ़ पहुंचे विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री ने आत्मीय संवाद किया। इस दौरान भारत–जापान के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों, बौद्ध विरासत, शिक्षा, अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और स्टार्टअप सहित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। मुख्यमंत्री ने जापानी विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध पुरातात्विक विरासत – सिरपुर, मैनपाट और भोंगापाल के बारे में बताया।

प्रतिनिधिमंडल ने एनआईटी रायपुर के रिसर्च और इन्क्यूबेशन सेंटर का भ्रमण कर स्टार्टअप, अनुसंधान और तकनीकी नवाचारों के बारे में जाना। विद्यार्थी अपने प्रवास के दौरान सिरपुर का भी भ्रमण करेंगे।

साइबर जागृति अभियान

कबीरधाम जिले में साइबर जागृति अभियान के तहत पचास शासकीय और निजी विद्यालयों में ऑनलाइन साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर थाना कबीरधाम के डीएसपी प्रशांत देवांगन ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर अपराधों जैसे – ठगी, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन गेमिंग के

जोखिम से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित रखने और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के उपाय भी बताए। कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक शामिल हुए।

आरबीआई–साइबर धोखाधड़ी

भारतीय रिज़र्व बैंक ने साइबर धोखाधड़ी और विवादित लेनदेन पर रोक के संबंध में नई रूपरेखा का मसौदा जारी किया है। इसके तहत बैंक पूरे अकाउंट के बजाय सिर्फ़ विवादित लेनदेन की राशि पर ही अस्थायी रूप से रोक लगा सकेंगे। ऐसा तभी किया जा सकेगा जब एक हजार रुपये या उससे अधिक के असामान्य अंतरण के म्यूल अकाउंट या साइबर फ्रॉड से जुड़े होने की आशंका हो। बैंकों को अचानक, ग्राहक की बताई गई प्रोफ़ाइल के लिए अनुपयुक्त, या ज्ञात साइबर–फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े अंतरण की पहचान करने के लिए एआई–आधारित लेनदेन की निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल करना होगा। मसौदा निर्देश अगले वर्ष पहली अप्रैल से लागू होने वाले हैं, लेकिन बैंक इन्हें पहले भी अपना सकते हैं।

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल....

मौसम विभाग ने आज से बारिष की गतिविधियों में कमी आने की संभावना जताई है। हालांकि प्रदेष के एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं, कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाषीय बिजली गिरने की आषंका है।

इस बीच, जांजगीर–चाम्पा के नवागढ़ क्षेत्र के नेगुहडीह गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। यह किसान खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिर गई।

संक्षिप्त समाचार

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने रायपुर स्टेशन में चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर उच्च गुणवत्ता, यात्री सुविधा और संरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

- जांजगीर–चांपा में पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा ऐप बीडीजी के अंतरजिला नेटवर्क संचालित करने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में यूएसडीटी और अन्य डिजिटल माध्यमों से लाखों रुपये के लेन–देन की जानकारी सामने आई है।

- महासमुंद जिले में पुलिस ने एक सौ बीस किलो गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब साठ लाख रुपये बताई गई है।

<><><><><>